Seventeenth Loksabha

p>

Title: Request to open Central Government Health Scheme (CGHS) dispensary in Bharatpur Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्रीमती रंजीता कोली (भरतपुर): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र भरतपुर में सीजीएचएस संबंधी सुविधा न होने से मेरे संसदीय क्षेत्र के केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों के कर्मियों और केन्द्रीय कर्मचारी पेंशनरों के परिवारों को अपनी स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयों के लिए भरतपुर से 200 किलोमीटर दूर जयपुर तक जाना पड़ता है, जो न्यायोचित नहीं है। यह उनके लिए काफी महंगा है और इससे उनको कष्ट का अनुभव करना पड़ रहा है। मेरे संसदीय क्षेत्र भरतपुर में सैनिक, पूर्व सैनिक, अर्धसैनिक बलों की विधवाएं एवं शहीद परिवार काफी संख्या में निवास करते हैं और सीजीएचएस की सुविधा से वंचित हैं। उपरोक्त परिस्थितियों के चलते मेरे संसदीय क्षेत्र भरतपुर में सीजीएचएस डिस्पेंसरी खोलने का आदेश प्रदान कर अनुग्रहित करें। धन्यवाद।